YouTube

# बच्चों और परिवार के लिए वीडियो बनाने के सबसे सही तरीके

बच्चों और परिवारों के हिसाब से फ़ायदेमंद, दिलचस्प, और प्रेरणा देने वाले वीडियो बनाने में मदद करने वाली गाइड.

# आपका स्वागत है

## ***हमारा मानना है कि YouTube पर ऑनलाइन वीडियो देखकर, बच्चों में नई चीज़ों को जानने की दिलचस्पी पैदा होती है और वे दुनिया के बारे में जान पाते हैं. साथ ही, वे यह भी जान पाते हैं कि इस दुनिया में उनके जैसी पसंद या नापसंद रखने वाले और भी लोग हैं.***


इसलिए, हमने बच्चों के विकास से जुड़े जानकारों के साथ मिलकर, **क्वालिटी से जुड़ी कुछ नीतियां** बनाई हैं. इन नीतियों से, क्रिएटर के उस नेटवर्क को मदद मिलेगी जो YouTube पर, बच्चों और परिवार से जुड़े वीडियो बनाते हैं.

इस संसाधन में, हम आपको हर नीति के बारे में पूरी जानकारी देंगे. हमें उम्मीद है कि ***क्या करें और क्या न करें*** के बारे में **अच्छे तरीके से** जानने के बाद, आप बच्चों और परिवारों के हिसाब से फ़ायदेमंद, दिलचस्प, और प्रेरणा देने वाले वीडियो आसानी से बना पाएंगे. (इस विषय के बारे में ज़्यादा जानने के लिए, आप **YouTube Kids के लिए वीडियो बनाने की फ़ील्ड गाइड** की मदद ले सकते हैं.)

हमारे प्लेटफ़ॉर्म पर दिखने वाले **सुझावों में**, **बच्चों और परिवारों के लिए अच्छी क्वालिटी के वीडियो** दिखाना हमारी ज़िम्मेदारी है. साथ ही, हम इन नीतियों का आकलन करते रहेंगे और इन्हें अपडेट करते रहेंगे.

# विषय-सूची



1. क्यों से शुरुआत करें
2. YouTube पर वीडियो की अच्छी क्वालिटी से जुड़ी नीतियां क्या हैं?
3. YouTube पर वीडियो की हल्की क्वालिटी से जुड़ी नीतियां क्या हैं?

**ज़रूरी बातें:**
इस गाइड में मौजूद नीतियों की सूची की मदद से, आप यह बेहतर तरीके से समझ पाएंगे कि किस तरह के वीडियो को अच्छी या हल्की क्वालिटी का माना जा सकता है. हालांकि, इस सूची में पूरी जानकारी नहीं है. ये नीतियां हमारे **कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों** को भी और मज़बूत बनाती हैं, ताकि सभी के लिए, वीडियो देखने के अनुभव को बेहतर और सुरक्षित बनाया जा सके. इस बात की ज़िम्मेदारी अब भी आपकी है कि आप अपने हर वीडियो के लिए, कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों का पालन करें.

इसके अलावा, इस फ़ील्ड गाइड में दिए गए सुझाव, क्वालिटी से जुड़ी हमारी नीतियों के हिसाब से वीडियो बनाने में आपकी मदद करेंगे. हालांकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि इन सुझावों के मुताबिक वीडियो बनाने पर, आपका वीडियो YouTube Kids पर दिखाया जाए.

# 1. क्यों से शुरुआत करें



***याद रखें: इस गाइड में बताया गया है कि आप बच्चों और परिवार के हिसाब से अच्छी क्वालिटी के वीडियो कैसे बना सकते हैं. हालांकि, एक और सवाल है जो बेहद ही अहम है, जिसका जवाब आपसे मिलना चाहिए:***


***आप यह वीडियो क्यों बना रहे हैं?***

आपके बनाए गए वीडियो देखने से दर्शकों को क्या फ़ायदा होगा?

क्या इनको देखने से, गणित सीखना मज़ेदार हो जाएगा? क्या इनकी मदद से, कम उम्र के दर्शक, सहानुभूति और आत्मविश्वास के साथ दुनिया में आगे बढ़ पाएंगे? क्या इनसे ऐसे अनुभव मिलेंगे जिनका मज़ा पूरा परिवार एक साथ ले सके?

इनमें से कोई भी जवाब गलत नहीं है. बच्चों और परिवार के हिसाब से, अच्छी क्वालिटी वाले वीडियो से होने वाले असर और उसे बनाने में लगने वाली मेहनत को देखते हुए, यह ज़रूरी है कि क्रिएटर के तौर पर, आप ये जानते हों कि अपने दर्शकों को आप वीडियो के ज़रिए क्या सीख देना चाहते हैं.

# 2. YouTube पर वीडियो की अच्छी क्वालिटी से जुड़ी नीतियां क्या हैं?



# वीडियो की अच्छी क्वालिटी से जुड़ी नीतियां

**YouTube पर वीडियो की अच्छी क्वालिटी से जुड़ी नीतियों** के हिसाब से, वीडियो को, नीचे दी गई एक या एक से ज़्यादा नीतियों के मुताबिक बनाया जाना चाहिए.

- *नैतिक मूल्यों और अच्छी आदतों वाला व्यक्ति बनना*
- *नई बातें सीखना और उन्हें जानने के लिए बढ़ावा देना*
- *बच्चों में क्रिएटिविटी, खेल, और कल्पना को बढ़ावा देना*
- *असल दुनिया से जुड़े मुद्दों पर बातचीत*
- *अलग-अलग तरह के लोगों को, समानता, और बिना किसी भेदभाव के शामिल किए जाने की भावना*

# 1. नैतिक मूल्यों और अच्छी आदतों वाला व्यक्ति बनने को बढ़ावा देने वाले वीडियो

## नैतिक मूल्य

नैतिक मूल्यों पर हार्वर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ़ एजुकेशन के अध्ययन के मुताबिक*, बच्चों को मज़बूत नैतिक रोल मॉडल की ज़रूरत होती है. ईमानदारी, निष्पक्षता, हमदर्दी, दया, और सबका भला करने जैसी विशेषताएं दिखाने वाले वीडियो, बच्चों को प्रेरित करते हैं और उन पर एक गहरा असल डालते हैं.

## अच्छी आदतों वाला व्यक्ति बनना

***अच्छी* आदतों वाला व्यक्ति बनने का मतलब, एक *आदर्श* व्यक्ति बनना नहीं है. हालांकि, यह ज़रूरी है कि आपका वीडियो सकारात्मक रवैया दिखाए.**

बच्चे अपने पसंदीदा वीडियो में होस्ट और हीरो को देखते हैं. ऐसे में, अपने वीडियो में सम्मान देने और मदद करने वाला, एक अच्छा दोस्त बनने, और अच्छी आदतों वाला व्यक्ति दिखाएं, ताकि बच्चे इनसे कुछ सीख पाएं और इन विशेषताओं को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें.




**Brush Your Teeth Story for Kids!!! | Cartoon Animation for Children**




**WORKING TOGETHER ft Linda Dong | The FuZees**




**Learning good habits for kids | Good manners with KidloLand | Stories for kids**

* "The Children We Mean to Raise: The Real Messages Adults Are Sending About Values"

# 2. नई बातें सीखने और उन्हें जानने के लिए बढ़ावा देना

## *बच्चों के मन में दुनिया को जानने की इच्छा, उत्सुकता, और उत्साह को जगाएं.*

आपके वीडियो, शिक्षा से जुड़े विषयों वाले या पारंपरिक तौर पर शिक्षा देने वाले हों या न हों, इसके बावजूद बच्चे उन्हें देखकर *कुछ न कुछ* ज़रूर सीखते हैं. इसलिए, शुरुआत में और बीच-बीच में खुद से ये सवाल ज़रूर पूछें:

### *“मेरा वीडियो देखने के बाद, दर्शक उससे क्या सीखेंगे?”*

यह ज़रूरी है कि बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को मज़ेदार बनाया जाए. नीचे दिए गए तरीकों की मदद से, अच्छी क्वालिटी के वीडियो से सीखने को बढ़ावा दिया जा सकता है.

- **अपने दर्शकों को प्रेरित करें,** ताकि वे खुद सीखने की कोशिश करें. ऐसा, 'खुद करके देखें' जैसे विज्ञान के प्रयोग और नेचर स्कैवेंजर हंट जैसी गतिविधियों की मदद से किया जा सकता है.
- **कुछ ऐसा करें कि दर्शक आपके वीडियो का हिस्सा बनें.** दर्शकों के साथ गाने गाएं, उनसे सवाल पूछें. किसी दर्शक का नाम लेकर उससे बातचीत करें.
- नेमोनिक्स (तथ्यों या जानकारी को याद रखने का तरीका), कविताएं, दोहराना, [illegible]शंस (किसी वाक्य में एक ही अक्षर या ध्वनि से शुरू होने वाले शब्दों का इस्तेमाल करना), और छोटे नामों (कई शब्दों के पहले अक्षरों से बना छोटा शब्द) **जैसी चीज़ों को वीडियो में शामिल करें.**

इसके अलावा, अपने वीडियो इस तरह तैयार करें कि बच्चे उन्हें आसानी से समझ सकें और उनसे सीख सकें. इससे आप यह जान सकेंगे कि किन शब्दों का इस्तेमाल करना है, कहां तक गिनना है, और किसी काम के दिशा-निर्देश देते समय, कितने चरण शामिल करने हैं.




**What Is An Earthquake? | The Dr. Binocs Show | Educational Videos For Kids**

**Numberblocks - Pattern Palace | Learn to Count**






**DIY Make Your Own Ice Cream Using Science! | Science Experiments for Kids**

# 3. क्रिएटिविटी, खेल, और कल्पना को बढ़ावा देना

## *ऐसे वीडियो बनाएं जो सोचने पर मजबूर करते हों, इंटरैक्टिव हों, और/या कल्पना को बढ़ावा देते हों.*

वीडियो को कलात्मक अंदाज़ में दिखाना शानदार होता है और ज़रूरी माना जाता है, लेकिन इनके अलावा ऐसी और भी कई चीज़ें हैं जिनसे वीडियो को क्रिएटिव बनाया जा सकता है: इस तरह के वीडियो, दर्शकों को अपनी सोच को ज़रूरत के हिसाब से बदलने और समस्याओं को अलग तरीके से हल करने का तरीका भी सिखाते हैं. साथ ही, इन वीडियो की मदद से दर्शकों को अपने लिए नई संभावनाएं तलाशने का भी मौका मिलता है.


वीडियो के ज़रिए, ऐसी खूबियों को कई तरीकों से उभारा जा सकता है. जैसे, सॉकर के करतब सीखना, काल्पनिक दुनिया बनाना या आर्ट और क्राफ़्ट की चीज़ें बनाना. **सबसे अहम बात यही है कि इन वीडियो से, बच्चों को नई चीज़ें बनाने या किसी चीज़ से सही और अलग तरीके से जुड़ने का मौका मिलता है.**




Wheels on the Bus and More Nursery Rhymes by Mother Goose Club Playlist!



DIY Halloween Costume - Monster Mask | Easy Cardboard Crafts to Make at Home




How To Draw A Cartoon Dolphin | Art For Kids Hub

# 4. असल दुनिया से जुड़े मुद्दों पर बातचीत



## *कम उम्र के दर्शकों को उन अनुभवों के लिए तैयार करें जिनका सामना वे बड़े होते समय करते हैं.*

बच्चों के विकास के हर पड़ाव पर, सामाजिक और भावनात्मक रूप से नए अनुभव सामने आते हैं. अच्छी क्वालिटी के वीडियो, इन पड़ावों पर आने वाली समस्याओं और चुनौतियों को हल करने में बच्चों और परिवारों की मदद करते हैं.


**इस तरह के वीडियो बनाने के लिए, आपको अपने दर्शकों की खास समस्याओं के बारे में जानना होगा. साथ ही, यह भी जानना होगा कि वे विकास के किस पड़ाव पर हैं.** उदाहरण के लिए, ऐसे छोटे बच्चे जिनके पास ज़िंदगी से जुड़े अनुभव कम हैं और जो चीज़ों को आसानी से नहीं समझ पाते, उनके लिए ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं जो उनके आस-पास की दुनिया से जुड़ी समस्याओं के बारे में हों. जैसे, अपने खिलौने दूसरों के साथ शेयर करने की सीख देने वाले वीडियो. वहीं, बड़े बच्चों के लिए, स्कूल में अच्छे ग्रेड लाने या मिडिल स्कूल में जाने से जुड़ी समस्याओं पर वीडियो बनाए जा सकते हैं.

दर्शकों को यह समझाना भी ज़रूरी है कि ज़िंदगी में गलतियां होना एक सामान्य बात है और गलतियों का स्वागत किया जाना चाहिए. वीडियो में पेश किए जा रहे किरदारों की ज़िंदगी में जीत और हार, दिलचस्पियां और अजीब आदतें, और उम्मीदें और डर जैसी चीज़ें दिखाई जानी चाहिए. ऐसा करने से वीडियो के किरदार वास्तविक लगते हैं और दर्शकों को इनके अनुभवों से सीख लेकर, आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है.

इस नीति के हिसाब से बनाए गए अच्छी क्वालिटी के वीडियो, कई तरीकों से बनाए जा सकते हैं. हालांकि, वीडियो बनाते समय इस बात का ख्याल ज़रूर रखें: अपने वीडियो में ऐसे मुद्दे दिखाएं जो आपके दर्शकों के काम के हों. साथ ही, इन मुद्दों को ऐसे पेश करें कि वे आपके दर्शकों को वास्तविक लगें, दर्शक उनपर भरोसा कर पाएं और उनसे जुड़ाव महसूस कर पाएं.




**Succeed by Failing: Crash Course Kids #42.1 | Crash Course Kids**





**Betsy's Kindergarten Adventures: Happy Earth Day | Janson Media**



**Becoming an "Upstander" | Sesame Street In Communities**

# 5. अलग-अलग तरह के लोगों को, समानता और बिना किसी भेदभाव के शामिल किए जाने की भावना



## *ऐसे वीडियो बनाएं जो अलग-अलग जाति, रंग-रूप, विचारधारा वाले लोगों के बीच समानता और सबको साथ रखने की भावना को बढ़ावा दें.*

**आपके वीडियो देखने वाले बच्चे और परिवार, अलग-अलग संस्कृतियों और जगहों से आते हैं. साथ ही, उनके संसाधन और क्षमताएं भी अलग-अलग होती हैं. अच्छी क्वालिटी के वीडियो में यही बात नज़र आती है और इस वजह से सभी दर्शक, आपके वीडियो से जुड़ाव महसूस करते हैं.**

वीडियो में आप किसे दिखा रहे हैं, इससे बच्चों और परिवारों को असरदार और सकारात्मक मैसेज मिलते हैं. उदाहरण के लिए, ऐसा वीडियो, लैंगिक समानता का मैसेज देने में मिसाल बन सकता है जिसमें लगभग समान संख्या (50/50 का बंटवारा) में लड़कियां और लड़के शामिल किए गए हों.

याद रखें कि सिर्फ़ वीडियो पेश करने का तरीका ही सबकुछ नहीं होता, इन बातों का भी ख्याल रखें: अलग-अलग जगहों से आने वाले और अलग-अलग खूबियों वाले ऐसे किरदार पेश करें जो सबसे अलग हों और जिनसे हर तरह के दर्शक जुड़ सकें. ऐसा नहीं करने पर, वीडियो पर प्रतीकवाद और रूढ़िवादी सोच हावी होने का जोखिम रहता है और इससे अनजाने में, गलत सोच रखने वाले लोगों को बढ़ावा मिल सकता है.




The word Indigenous - explained I CBC Kids News





The Blue's Clues Pride Parade 🏳️‍🌈 Sing-Along Ft. Nina West!




So Many Colors, So Many Shapes | Diversity Song | The Singing Walrus

# 3. YouTube पर वीडियो की हल्की क्वालिटी से जुड़ी नीतियां क्या हैं?



# वीडियो की हल्की क्वालिटी से जुड़ी नीतियां

बच्चों के लिए वीडियो बनाना एक तोहफ़े की तरह है, लेकिन यह एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी है. हम जानते हैं कि हमारे **ज़्यादातर** क्रिएटर्स इस ज़िम्मेदारी को पूरी तरह समझते हैं और अच्छी भावना से काम करते हैं. आप भले ही अच्छी क्वालिटी का वीडियो बनाना चाहते हों, लेकिन इस तरह की चीज़ें शामिल करने से आपका वीडियो हल्की क्वालिटी का माना जा सकता है.

- *काफ़ी हद तक व्यावसायिक या प्रचार करने वाला कॉन्टेंट*
- *गलत बर्ताव और रवैये को बढ़ावा देने वाला कॉन्टेंट*
- *शिक्षा देने का झूठा दावा करने वाला कॉन्टेंट*
- *समझ में न आने वाला कॉन्टेंट*
- *सनसनी फैलाने या गुमराह करने वाला कॉन्टेंट*
- *बच्चों के किरदार को अजीब तरीके से इस्तेमाल करने वाला कॉन्टेंट*

# 1. काफ़ी हद तक व्यावसायिक या प्रचार करने वाला कॉन्टेंट

## *अपने वीडियो में ब्रैंड और लोगो के प्रचार से जुड़ी चीज़ें दिखाने या पूरी तरह उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर वीडियो बनाने से बचें.*

अच्छी क्वालिटी के वीडियो में खिलौने और कंज़्यूमर प्रॉडक्ट शामिल किए जा सकते हैं, लेकिन वीडियो को तब हल्की क्वालिटी का माना जाएगा, जब उनमें इनसे जुड़े नए पहलू, नए अनुभव या शिक्षा देने से जुड़ी कोई नई बात शामिल न की जाए.

**किसी वीडियो की क्वालिटी अच्छी है या हल्की, यह इस बात से तय होता है कि उसका फ़ोकस किस चीज़ पर है.** उदाहरण के तौर पर, खिलौनों के काल्पनिक ब्रैंड Megatruckz के बारे में बात करते हैं.

अगर किसी वीडियो में, Megatruckz के खिलौनों का इस्तेमाल करके क्रिएटिव प्ले और कल्पना पर ज़ोर दिया गया है, तो उसे अच्छी क्वालिटी के [illegible] से जुड़ी नीतियों के हिसाब से सही माना जाएगा. साथ ही, Megatruckz के वे प्रायोजित वीडियो भी [illegible] के हिसाब से सही माने जाएंगे जिनमें ज़रूरी बातें बताई गई हैं. हालांकि, इन नीतियों के तहत, ऐसे वीडियो को गलत माना जाएगा जिसमें किसी प्रॉडक्ट पर ज़्यादा फ़ोकस किया गया है या Megatruckz के एक से ज़्यादा प्रॉडक्ट खरीदने या उन्हें इकट्ठा करने पर ज़ोर दिया गया है.

ध्यान दें: यह क्वालिटी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि किसी ब्रैंड ने आपको उनके प्रॉडक्ट या सेवा को दिखाने के लिए पैसे दिए हैं या नहीं या आपको कोई और फ़ायदा दिया है. पैसे देकर बनवाए गए वीडियो या प्रायोजित वीडियो, अच्छी क्वालिटी के हो सकते हैं, लेकिन उन पर भी ऊपर बताई गई बातें लागू होती हैं. साथ ही, उन्हें यहां बताए गए दिशा-निर्देशों और ज़रूरी बातों का हमेशा पालन करना होगा.




BEG Your Parents for This MEGATRUCKZ Set!




Biggest TOY TREEHOUSE Shopping Haul Yet

ध्यान दें: थंबनेल और शीर्षक सिर्फ़ उदाहरण के तौर पर दिए गए हैं.

# 2. गलत बर्ताव या रवैये को बढ़ावा देने वाला कॉन्टेंट



## *सिर्फ़ ऐसा कॉन्टेंट शामिल करें जो सकारात्मक हो, अच्छा रवैया और अच्छी सोच को बढ़ावा देता हो.*

**अमेरिकन साइकोलॉजिकल असोसिएशन का कहना है कि, "हालांकि ... मीडिया, शिक्षा और मनोरंजन दे सकता है, लेकिन [यह] बच्चों को बिगाड़ भी सकता है".**

गलत व्यवहार या रवैये में कई चीज़ें शामिल हो सकती हैं. जैसे, खाने की खराब आदतें, माता-पिता का अनादर करना या उनसे झूठ बोलना, जोखिम भरे खेल खेलना या नुकसान पहुंचाने वाली हरकतें करना.

नीतियों के हिसाब से, यह तय करते समय कि कोई वीडियो हल्की क्वालिटी का है या नहीं, उस वीडियो के संदर्भ और मकसद को ध्यान में रखें. उदाहरण के लिए, किसी वीडियो को सिर्फ़ इस वजह से हल्की क्वालिटी का नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसमें ऐसा किरदार दिखाया गया है जो दूसरों को धमकाता है. (असल में, धमकी मिलना बदकिस्मती से कई लोगों की ज़िंदगी की वास्तविकता है. ऐसे में, इसे वीडियो में शामिल करने से लोगों को फ़ायदा हो सकता है.) हालांकि, अगर वीडियो में धमकाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया गया है, तो उसे हल्की क्वालिटी का माना जा सकता है.




How To CHEAT In SCHOOL!!



We Threw a SECRET PARTY After MOM Said NO!

ध्यान दें: थंबनेल और शीर्षक सिर्फ़ उदाहरण के तौर पर दिए गए हैं.


# 3. शिक्षा देने का झूठा दावा करने वाला कॉन्टेंट




***अपने संभावित दर्शकों को यह बताकर गुमराह न करें कि आपका वीडियो, शिक्षा देने के मकसद से बनाया गया है.***

**अगर वीडियो को वास्तविक रूप से बच्चों को सिखाने के मकसद से बनाया जाए, तो उसमें शिक्षा से जुड़ी कोई सलाह या साफ़ तौर पर पूरी जानकारी शामिल की जानी चाहिए. साथ ही, वीडियो को उसके खास दर्शकों की, सीखने और समझने की क्षमता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए.**

शिक्षा देने का झूठा दावा करने वाले वीडियो में ये खूबियां नहीं होती हैं. ऐसे वीडियो के शीर्षक और थंबनेल, दर्शकों से "रंगों के नाम सीखें" या "गणित सीखें" जैसे वादे कर सकते हैं, लेकिन ऐसे वीडियो अक्सर, रुकी हुई (ट्रांसफ़िक्सिंग) इमेज के साथ, बार-बार एक ही चीज़ दोहराते हैं. इनमें गलत जानकारी भी हो सकती है.



**Learn colors for kids Dino Park Song 123!!**



**ICE CREAM | Numbers Colors | Jelly Bean (Playtime!)**

ध्यान दें: थंबनेल और शीर्षक सिर्फ़ उदाहरण के तौर पर दिए गए हैं.


# 4. समझ में न आने वाला कॉन्टेंट

## *यह पक्का करें कि आपके वीडियो में पूरी जानकारी दी गई है और वह समझने में आसान है.*

**इस तरह की कैटगरी के वीडियो आम तौर पर बेतुके लगते हैं. यह समस्या, क्रिएटिव और तकनीकी, दोनों ही तरह की परेशानियों की वजह से सामने आती है.**

क्रिएटिव तौर पर, ऐसा हो सकता है कि वीडियो में पूरी जानकारी शामिल न की गई हो या उसे बिना सोचे-समझे बनाया गया हो. ऐसा भी लग सकता है कि "वीडियो का कोई मतलब नहीं है" या उसे दर्शकों की समझने की क्षमता को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है.

कई बार तकनीकी खराबियों, जैसे कि खराब ऑडियो और विज़ुअल की वजह से भी वीडियो समझ में नहीं आते हैं. कभी-कभी ये परेशानियां, बड़े स्तर पर हो रहे प्रोडक्शन या अपने-आप बनने वाले वीडियो की वजह से आती हैं.



UH OH !! Colorful Egg Time Back On The Farm!



Daddy Falls Asleep And Has Fun Dreams About Star Milk!

ध्यान दें: थंबनेल और शीर्षक सिर्फ़ उदाहरण के तौर पर दिए गए हैं.

# 5. सनसनी फैलाने या गुमराह करने वाला कॉन्टेंट




## *व्यू पाने के लिए, बच्चों और परिवारों को डराने या धोखा देने की कोशिश न करें.*

**कुछ मायनों में "क्लिकबेट" की तरह ही, इस तरह के वीडियो में बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बातें, अजीब, और धोखाधड़ी वाला कॉन्टेंट शामिल होता है.**

हम शीर्षक और थंबनेल को आकर्षक बनाने की सलाह ज़रूर देते हैं, लेकिन ऐसे शीर्षक और थंबनेल इस्तेमाल करने से बचें जिनसे लोगों को परेशानी हो या जिनमें चीज़ों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया हो. इसके अलावा, ऐसे शीर्षक और थंबनेल भी इस्तेमाल न करें जो वीडियो में मौजूद कॉन्टेंट से एकदम अलग हों. इसी तरह, "कीवर्ड स्टफ़िंग" (बार-बार एक जैसे कीवर्ड डालना) से बचें. उन कीवर्ड का बार-बार या बेतुके तरीके से इस्तेमाल न करें जो बच्चों के बीच लोकप्रिय हैं (उदाहरण के लिए, *Mickey Mouse Paw Patrol Bluey Pokémon Dance Party WOW!*)

कम उम्र के दर्शकों को ऐसा कॉन्टेंट दिखाने से बचें जिसकी सच्चाई के बारे में आपको पूरी तरह से नहीं पता है और जो दर्शकों को गुमराह कर सकता है. जैसे, झूठ या राय पर आधारित कॉन्टेंट को तथ्य के तौर पर पेश करना.

**ध्यान दें:** कृपया YouTube के कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों में मौजूद, गुमराह करने वाले मेटाडेटा और गुमराह करने वाले थंबनेल से जुड़ी नीतियां देखें.



Did my brother KILL our DOG??



10 WORST Punishments By Parents Ever

ध्यान दें: थंबनेल और शीर्षक सिर्फ़ उदाहरण के तौर पर दिए गए हैं.

# 6. बच्चों के किरदार को अजीब तरीके से इस्तेमाल करने वाला कॉन्टेंट



## *बच्चों के किरदारों को आपत्तिजनक स्थिति में न दिखाएं.*

**ऐनिमेशन के तौर पर या लाइव ऐक्शन के तौर पर, वीडियो में बच्चों के किरदारों को मौलिक रूप से गलत तरीके से दिखाने पर, दर्शकों को भ्रम हो सकता है और वे परेशान हो सकते हैं.**

ऐसे मामलों में, हिंसा दिखाने वाला कॉन्टेंट, भद्दा, सेक्शुअल, घिनौना या फिर आपत्तिजनक कॉन्टेंट शामिल हो सकता है. हालांकि, कॉन्टेंट इन कैटगरी तक ही सीमित नहीं है. इस तरह के कॉन्टेंट से हमारे कम्यूनिटी दिशा-निर्देशों का भी उल्लंघन हो सकता है. ऐसे कॉन्टेंट के खिलाफ़ शिकायत दर्ज करके उसे हटाया भी जा सकता है.




Santa Dies At The
SCARY DOCTOR



Lady Lightning Goes Potty!

ध्यान दें: थंबनेल और शीर्षक सिर्फ़ उदाहरण के तौर पर दिए गए हैं.

# धन्यवाद!



YouTube पर अपने सुझावों में, बच्चों और परिवार के लिए अच्छी क्वालिटी के वीडियो दिखाना हमारी ज़िम्मेदारी है. हम YouTube पर, बच्चों और परिवारों के लिए बेहतर और प्रेरणा देने वाला कॉन्टेंट बनाने में आप सभी की मदद करेंगे.

हमेशा की तरह, शानदार काम करने के लिए आपको धन्यवाद. **हमें आपके आने वाले कॉन्टेंट का बेसब्री से इंतज़ार है!**